

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टीम में 'साहसी मानसिकता' को बढ़ावा दिया है, जिसमें ''हार का कोई विकल्प नहीं होता''। उन्होंने लगभग तीन साल टीम से बाहर रहने के बाद अपनी अंतर्राष्ट्रीय वापसी का श्रेय गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी दिया। - **वरुण चक्रवर्ती**

**भारतीय गेंदबाज, कोच गौतम गंभीर के बारे में बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**ब्रायन लारा**



**वेस्टइंडीज** के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा ने टीम की हालिया गिरावट के लिए धन और तकनीक की कमी को ज़िम्मेदार ठहराया, लेकिन साथ ही खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन के लिए और ज़्यादा जुनून दिखाने का आह्वान भी किया। अहमदाबाद में पहले टेस्ट में भारत से वेस्टइंडीज की करारी हार के बाद, टेस्ट कप्तान रॉस्टन चेज ने कैरेबियाई टीम में 'बुनियादी ढांचे की समस्याओं' और 'वित्तीय संघर्ष' की निरंतर समस्या पर प्रकाश डाला। क्रिकेट वेस्टइंडीज की क्रिकेट रणनीति से संबंधित समिति, जिसके लारा और चेज दोनों सदस्य हैं, ने इस पर चर्चा की थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत और वेस्टइंडीज एक दूसरे से 142 मैचों में भिड़ीं। भारत ने 72 मैच जीते जबकि वेस्टइंडीज 64 मैचों में विजयी हुई 4 मैचों में कोई नतीजा नहीं निकला 2 मैचों बराबरी पर छूटे।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर होंगे जसप्रीत बुमराह-साई सुदर्शन, टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग 11

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 10 अक्तूबर से दिल्ली में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। अब 10 अक्तूबर से दिल्ली में होने वाले सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच में भारत 1-0 की बढ़त के साथ उतरेगा। कप्तान शुभमन गिल की नजरें जहां होंगी बतौर कप्तान पहली टेस्ट सीरीज जीतने पर। वहीं प्लेइंग 11 में भी कुछ बदलाव इस मुकाबले में नजर आ सकते हैं। दो खिलाड़ी जिनको बाहर करने की संभावना है वो हैं जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन। वहीं देवदत्त पडिक्कल की एंट्री हो सकती है अगर सुदर्शन को प्लेइंग 11 से बाहर किया गया।



दरअसल, जसप्रीत बुमराह की बात करें तो एशिया कप2025 का फाइनल उन्होंने 28 सितंबर को खेला था। इसके बाद वह सीधे टीम के साथ अहमदाबाद पहुंच गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने शानदार गेंदबाजी भी की थी। अब दिल्ली टेस्ट में वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते बुमराह को आराम दिया जा सकता है। 19 अक्तूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से भी वह बाहर हैं और 29 अक्तूबर से होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में मैदान पर उतरेंगे। अभी ऑस्ट्रेलिया के कठि दौरे से पहले उनको आराम देकर प्रसिद्ध कृष्णा को मौका दिया जा सकता है। बुधवार को अभ्यास सत्र में भी कृष्णा ने लंबे समय तक बुमराह, सिराज और रेड्डी के साथ गेंदबाजी की।

साई सुदर्शन ने जरूर कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर कि चिंता बढ़ा रखी होगी। उन्होंने अपनी 7 टेस्ट पारियों में सिर्फ 147 रन ही बनाए हैं। अहमदाबाद टेस्ट में भी वह फ्लॉप रहे थे। ऐसे में अब दिल्ली टेस्ट में उनको आखिरी मौका मिलेगा। या फिर कप्तान व कोच देवदत्त पडिक्कल को आजमाना चाहेंगे। पडिक्कल की बात करें तो वह हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच में 150 रन की पारी खेलकर आए हैं। इसके अलावा उन्होंने तीन टेस्ट पारियों में भारत के खिलाफ एक अर्धशतक भी लगाया है। जबकि सुदर्शन सात पारिया खेलकर सिर्फ एक पचासा लगा पाए हैं।

### भारत की संभावित प्लेइंग 11

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल/साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह/प्रसिद्ध कृष्णा/ अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज।

## बेथ मूनी के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रनों से हराया



कोलम्बो, 8 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में बुधवार को पाकिस्तान पर 107 रन की जीत दर्ज की। यह ऑस्ट्रेलिया की इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 222 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 36.3 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। सिद्रा अमीन ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। किम गर्थ को 3 विकेट मिले। मेगन शूट और एनाबेल सदरलैंड को 2 विकेट मिले। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में बेथ मूनी ने शतकीय पारी खेलकर 50 ओवर में टीम स्कोर 221/9 पहुंचा दिया। बेथ मूनी ने 114 बॉल पर 109 रन की पारी खेली। इस पारी में 11 चौके शामिल रहे। मूनी ने अलाना किंग के साथ 9वें विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। यह विमेंस वनडे क्रिकेट के इतिहास में 9वें नंबर की सबसे बड़ी साझेदारी है। पाकिस्तानी स्पिनर नाशरा संधू ने 3 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और रमीन शमीम ने 2-2 विकेट लिए।

## ओडिशा ने महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ को 3-0 से हराया

नारायणपुर, 8 अक्टूबर। 30वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप (राजमाता जिजाबाई ट्रॉफी) के फाइनल राउंड में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को 3-0 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। ओडिशा की टीम ने मंगलवार शाम खेले गए इस मैच में शुरू से ही आक्रामक फुटबॉल खेलकर दबदबा कायम रखा। पहले हाफ में ओडिशा ने दो गोलों की बढ़त बना ली। 23वें मिनट में जसोदा मुंडा ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि 42वें मिनट में सुमित्रा हेंब्रम ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में छत्तीसगढ़ की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। खिलाड़ी जनवी साहू, मसिपोगु पुष्पा और कप्तान प्रियंका कश्यप ने कुछ बेहतरीन मूव बनाए, लेकिन ओडिशा की मजबूत डिफेंस और गोलकीपर सस्मिता परिदा के शानदार प्रदर्शन के आगे वे गोल नहीं कर सकीं।

## गोल्फ खेलने उतरे विंडीज के दिग्गज क्रिकेटर

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। खेल के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक, क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इस सप्ताह आईजीपीएल द्वारा संचालित एक विशेष क्रिकेट वेस्टइंडीज गोल्फ डे के साथ अपनी विरासत को सीमाओं से परे ले जाने का काम किया।
वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ियों सर विवियन रिचर्ड्स, ब्रायन लारा और सर रिची रिचर्डसन के साथ-साथ वर्तमान सितारे शाई होप और रोस्टन चेज की उपस्थिति में, यह अपनी तरह का पहला नेटवर्किंग अनुभव था जो क्रिकेट के दिग्गजों, वैश्विक व्यावसायिक नेताओं और खेल जगत की हस्तियों को एक मंच पर एक साथ लाया। सीडब्ल्यूआई के दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदार, टीसीएम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने खेल की कुछ दुर्जेय ताकतों - जिन्होंने खेल को आकार देने में मदद की - की संगति में वेस्टइंडीज क्रिकेट के उत्सव को चिह्नित किया।

## 30 साल बाद विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव की भिड़ंत

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद एक बार फिर शतरंज के मैदान में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हुए दिखेंगे। बुधवार से अमेरिका के सेंट लुई में क्लच शतरंज द लीजेंड्स टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगे।इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी। वहीं इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा।



साल 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एंव ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज नाम दिया गया है।

बता दें कि, गैरी कास्परोव ने आनंद के खिलाफ उस मुकाबले में दबदबा बनाया था और 20 बाजी का मुकाबला 10.5-7.5 से जीता था। 2004 में संन्यास लेने के बाद से कास्परोव केवल प्रदर्शनी या ब्लिट्ज प्रतियोगिताओं में ही खेले हैं जबकि आनंद अब कभी कभार टॉप प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिदिन चार बाजी होंगी जिसमें दो रैपिड और दो ब्लिट्ज बाजी होंगी। पहले दिन जहां चार अंक दांव पर होंगे तो वहीं दूसरे दिन ये दोगुने हो जाएंगे। प्रत्येक जीत पर दो अंक मिलेंगे। तीसरे दिन प्रत्येक बाजी जीतने पर तीन अंक मिलेंगे।

वहीं विजेता को 70,000 डॉलर यानी लगभग 62 लाख रुपये मिलेंगे जबकि हारने वाले को 50,000 डॉलर यानी लगभग 44 लाख रुपये मिलेंगे। अगर 12 बाजी के बाद मैच बराबरी पर रहता है तो इनामी राशि आधी-आधी बांटी जाएगी जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 60,000 डॉलर यानी करीब 35 लाख रुपये मिलेंगे। साथ ही 12 बाजी के लिए 24,000 डॉलर यानी करीब 12 लाख रुपये की बोनस राशि भी मिलेगी।

## संजू को सिएट पुरुष टी-20 बल्लेबाज का पुरस्कार

मुंबई, 8 अक्टूबर।भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को मंगलवार शाम सिएट क्रिकेट अवाड्र्स 2025 में सिएट पुरुष टी20आई बल्लेबाज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मिलाने पर सैमसन ने कहा,मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी चारु को समर्पित करना चाहूंगा, जो मेरे जैसे ही सफर पर है। मैं यह पुरस्कार दुनिया भर के उन सभी उत्साही क्रिकेट प्रशंसकों को भी समर्पित करना चाहूंगा जिनकी वजह से हम जहाँ भी जाएँ, सुपरस्टार की तरह व्यवहार कर पाते हैं और उनके बिना यह शो चलाना नामुमकिन है। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर सिएट को इतने शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा जहां हम अपने व्यस्त कार्यक्रम से एक रात के लिए रुकते हैं, और हम क्रिकेटरों को मैदान पर उनकी उपलब्धियों के लिए सराहा जाता है। सैमसन ने कहा, इस समय, मैं खुद की भी सराहना करना चाहूंगा। मेरे जैसा एक व्यक्ति जो चुपचाप, धैर्यपूर्वक काम करता रहा और अपने सामने आने वाली सभी चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद मानसिक और शारीरिक रूप से मेहनत करता रहा। लेकिन हमेशा प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया और बाहरी शोर पर ध्यान देने के बजाय हमेशा अपने अंतर्मन पर ध्यान केंद्रित किया।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सिराज और रवीन्द्र जडेजा ने किया कमाल, कुलदीप-राहुल ने लगाई बड़ी छलांग



नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में कमाल की उठापटक देखने को मिली। भारत के धाकड़ तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने नया कारनामा अंजाम दिया है। उन्होंने अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद इस अपने करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल की है। सिराज के खाते में फिलहाल 718 रेटिंग अंक हैं। वहीं वह तीन पायदान के फायदे से 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

वहीं कुलदीप यादव ने सात स्थानों की छलांग लगाई है। वह अब संयुक्त रूप से 21वें पायदान पर आ गए हैं। उनके और पाकिस्तान के स्पिनर साजिद खान के 644-644 अंक हैं। कुलदीप ने अहमदाबाद टेस्ट में चार विकेट अपने नाम किए। मैच में तीन विकेट लेने वाले स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह टॉप पर बरकरार हैं। उनके 885 अंक हैं। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा 851 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं जबकि न्यूजीलैंड के मैट हनरी 846 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी बदलाव हुआ। अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उनके 644 अंक हैं। वह 6 स्थान की छलांग लगाकर 25वें पर पहुंच गए हैं। 36 वर्षीय जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में नाबाद शतक जड़ने के अलावा चार विकेट लिए थे। वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल ने भी शतक जमाया था और वह टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में चार स्थान चढ़कर 35वें स्थान पर चले गए हैं। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट की बादशाहत कायम है। वह 908 अंकों के साथ टॉप पर हैं।

## भारतीय रेसलर अमन सेहरावत पर लगा एक साल का बैन, एशियन गेम्स से भी रहेंगे बाहर



नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। पेरिस ओलंपिक 2024 ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अमन सेहरावत मुश्किल में आ गए हैं। उनके ऊपर भारतीय कुश्ती महासंघ ने एक साल का बैन लगाया है। दरअसल, हाल ही में क्रोएशिया के जाग्रेब में आयोजित सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में वह डिस्क्वालीफाई कर दिए गए थे। उन्हें 57 किलोग्राम वर्ग में वजन सीमा से 1.7 किलो ज्यादा पाया गया था। इसी कारण उनके ऊपर नियम तोड़ने का आरोप लगा। अब उनके ऊपर एक साल के लिए बैन लगा दिया गया है।अमन अगले साल 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक जापान में होने वाले एशियन गेम्स में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वह अब भारतीय खेल इतिहास के पहले ऐसे एथलीट बन गए हैं जिनके ऊपर ओलंपिक मेडल जीतने के बाद भी होम फेडरेशन ने बैन लगाया है। उनका ये बैन 23 सितंबर 2025 से 22 सितंबर 2026 तक जारी रहेगा। ओलंपिक पदक विजेता और दो बार के जूनियर वर्ल्ड चैंपियन अमन सेहरावत के लिए ये एक बड़ा झटका है। वहीं अमन के बैन पर कुश्ती महासंघ ने एक पत्र में कहा कि, आपको कारण बताओ नोटिस की तिथि से एक साल की अवधि के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि ये निर्णय अंतिम है।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंडर-19 चार दिवसीय सीरीज 2-0 से जीती

मैकाय, 8 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 और भारत अंडर 19 के बीच दूसरे चार दिवसीय मैच में शुरू से अंत तक तेज गेंदबाज़ों और स्पिनरों दोनों का दबदबा रहा। यह मैच महज दो दिनों के अंदर ही समाप्त हो गया। भारतीय टीम ने इस मुक़ाबले में जबरदस्त जीत हासिल की है। पहले मैच में ब्रिस्बेन की परिचित परिस्थितियों में भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ी इकाई ने ख़ास प्रदर्शन नहीं किया था। उस मैच में उन्होंने पहली पारी में 243 और फिर 127 रन बनाए थे। उस मैच में मेजबान टीम को एक पारी और 58 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि उस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कई मौक़ों पर वापसी का अच्छा प्रयास किया था। हालांकि दूसरे मैच में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। सिर्फ़ विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एलेक्स ली यंग ही बल्ले से अपनी क्लास दिखा पाए, लेकिन उन्हें अन्य किसी खिलाड़ी का साथ नहीं मिला।

## भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार

विशाखापत्तनम, 8 अक्टूबर। क्रिकेट प्रेमियों के लिए कल एक शानदार मौका है जब भारतीय महिला टीम डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप के एक अहम मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिलाओं से भिड़ेगी। मैच दोपहर 3 बजे शुरू होगा और देखने से लग रहा है कि पहला गेंद फेंके जाने से काफी पहले ही ड्रामा शुरू हो जाएगा।



भारत की उम्मीदें स्मृति मंधाना पर टिकी हैं, जो एक ऐसी बल्लेबाज हैं जो इतनी शानदार बल्लेबाजी करती हैं कि कम ही लोग उनकी बराबरी कर पाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में 54 की औसत और तीन शतकों और पांच अर्धशतकों के साथ मंधाना न सिर्फ फॉर्म में हैं, बल्कि पूरी तरह से नियंत्रण में भी हैं। प्रतीका रावल शीर्ष क्रम में उनका साथ देंगी और टीम को मजबूती प्रदान करेंगी, जबकि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली हरलीन देओल तीसरे स्थान पर रहेंगी।

हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष का मध्यक्रम पलक झपकते ही मैच पलटने की ताकत रखता है, लेकिन उन्हें प्रोटियाज की फॉर्म में चल रही गेंदबाजी का धैर्य और संयम से सामना करना होगा। फॉर्म की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका की कमान अजेय ताजमिन ब्रिट्स के हाथों में होगी। अपनी पिछली पांच विश्व कप पारियों में चार शतक- जी हाँ, चार!

ब्रिट्स क्रीज पर तूफानी रही हैं, और भारतीय गेंदबाजों को उनकी लय को थामने के लिए कुछ खास करना होगा। लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, जबकि मारिज़ैन काप का ऑलराउंड प्रदर्शन और नॉनकुलुलेको म्लाबा की सटीकता प्रोटियाज को संतुलन प्रदान करती है। वीडीसीए की पिच सभी के लिए कुछ न कुछ प्रदान करती है। बल्लेबाजों को अपने स्ट्रोक्स का शुरुआती फायदा मिलता है। लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, सतह धीमी होती जाती है, जिससे स्पिनरों को ज़्यादा मदद मिलती है। इतिहास गवाह है कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को बढ़त हासिल होती है-यहां पंद्रह में से दस वनडे मैच दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम के खाते में गए हैं।

## जयपुर की जीत के हीरो रहे पद्मनाभ सिंह



जयपुर, 8 अक्टूबर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर पहला मैच डायनामिक अचीवर्स ओर सुहाना ऑल स्टार पोलो टीम के बीच खेला गया जिसमें डायनामिक अचीवर्स ने सुहाना ऑल स्टार पोलो टीम को 3 के मुकाबले 6 गोल से हराया।सुहाना ऑल स्टार पोलो टीम की ओर से ध्रुवपाल गोदारा ने 2 गोल ओरलियोरेट ने अपनी टीम के लिए 1 गोल किया। डायनामिक अचीवर्स की ओर से सवीर मेहराज ने 2 गोल, डेनियल ओटमेडी ने 3 गोल किए जबकि शमशीर अली ने अपनी टीम के लिए 1 गोल कर जीत पक्की कर दी। रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर पोलो ओर कानोता पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें जयपुर पोलो टीम ने कानोता पोलो टीम को 2 के मुकाबले 8 गोलों से हराया। जबकि कानोता पोलो टीम की ओर से प्रताप सिंह ओर डीनो धनखड़ ने 1-1 गोल किए। जयपुर पोलो टीम की ओर सेदेवरथ सिंह ओर लांस वाटसन ने 1-1 गोल, महाराज पद्मनाभ सिंह ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 6 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## राजस्थान अंडर-23 टीम घोषित रोहन राजभर को टीम की कप्तानी व राज उपकप्तान





जयपुर 8 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम का चयन राजस्थान सीनियर चयन कमेटी ने आरसीए द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं, चैलेंजर ट्रॉफी व प्रैक्टिस मैचों में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर किया। राजस्थान अंडर 23 टीम के चयनित खिलाडी :-सचिन यादव, धर्मवीर सैनी, रोहन राजभर (कप्तान), राज शर्मा (उपकप्तान), करण लाम्बा, दर्शन जैन, अनिरुद्ध सिंह चौहान, मोहित छांगरा, चेतन शर्मा, दीपेंद्रसिंह, गणेश सुथार, शोभित मिश्रा, भगवान सिंह, आयुष अमेरिया, सर्वज्ञ पानेरी, मिनाफशेख।

## श्री गुर इकबाल स्मृति पुरुष एवं (स्व.) नरेन्द्र कौर भुल्लर स्मृति (महिला) सिक्स-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता आरंभ



जयपुर, 8 अक्टूबर। एस. एम.एस स्टेडियम जयपुर पर खेली जा रही इन प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग का पहला मैच रैड रेन्जर बनास पिंकसिटी क्लब के मध्य खेला गया, मैच नो गोल रहित रहा। पुरुष वर्ग का पहला मुकाबला प्रताप क्लब बनाम वीर शिवा क्लब का था। तेजगति से खेला गया यह मुकाबला भी गोलरहित रहा।

पुरुष वर्ग का दूसरा मुकाबला रायल क्लब डस्टार क्लब के बीच खेला गया। खेल के तीसरे मिनट में स्टार क्लब ने गोल कर 1-0 से बढ़त बनाली। चौथे मिनट मे रायल क्लब ने गोल बराबर कर स्कोर 1-1 बराबर कर लिया। स्टार क्लब खिलाड़ी तीसरा गोल कर स्कोर 2-1 कर लिया। स्टार क्लब ने 12वे व 16वे मिनट में गोल कर स्टार क्लब: 5 व रायल क्लब 2 परिणाम रहा।

इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 8 टीमें जबकि महीला बर्ग में 6 टीमें भाग ले रही है। इन टीमों को प्रत्येक वर्ग मे पुलों में बांटा गया है। प्रत्येक वर्ग (पुरुष व महिला) में दोनो पुलों की विजेता टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मेजर जनरल (रिटा)संजय गुप्ता द्वारा किया गया तथा स्व- गुर इकबाल सिंह भुल्लर एवं स्वं मरेन्द्र कौर भुल्लर के चित्रों पर पुष्पास्नान अर्पित की गई। आयेजन सचिव एवं पूर्व अन्तराष्ट्रीय हॉकीखिलाडी दलजीत सिंह ने समस्त खिलाडियों एवं आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने पॉन्डिचेरी को हराया

### राजस्थान की जीत में सुमित्रा जाट चमकी

जयपुर, 8 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार आज नागपुर में खेले गए बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी20 ट्रॉफी मैच में राजस्थान ने पॉन्डिचेरी को 8 विकेट से हराया। राजस्थान की जीत में सुमित्रा जाट का शानदार प्रदर्शन।



**उत्तराखंड पारी 97/5, टीम के लिए सालोंकार नाबाद 44 व दिव्या 18 रन** - राजस्थान की गेंदबाज सोनल कलाल 15 /2 , अक्षिता माहेश्वरी , सुमन मीणा व शानू प्रत्येक 1-1 विकेट। राजस्थान पारी 99/2, टीम के लिए सुमित्रा जाट नाबाद 43, आयुषी गर्ग 26 व डिम्पल कँवर नाबाद 18 रन। उत्तराखंड की गेंदबाज अमृता 21/1 विकेट। राजस्थान - उत्तराखंड अंडर 19 वीमेन प्रैक्टिस मैच :- आरसीए अकादमी - राजस्थान - उत्तराखंड अंडर 19 वीमेन अभ्यास मैच (उत्तराखंड जीती), उत्तराखंड पारी152/2, टीम के लिए दृति आनंद नाबाद 63, सोना 35 व तन्वी 32 रन, राजस्थान की गेंदबाज प्रीत व निष्ठा 1-1 विकेट। राजस्थान पारी145/5, राजस्थान के लिए धृति माथुर नाबाद 55 , प्रतीक्षा 25 रन। उत्तराखंड के गेंदबाज तन्वीतोमर, प्रिया 2 - 2 विकेट।

**अंडर 16 प्रतियोगिता** (आज खेल गए मैच) जीआरग्राउंड बूंदी -राजसमंद (राजसमंद 11 रन से जीती), राजसमंद पारी 72 आल आउट। टीम के लिए प्रियवंश राजपुरोहित 20 रन। बूंदी के गेंदबाज समीर चौधरी 15/5 व भव्य माहेश्वरी 21/4 विकेट। बूंदी पारी 61 आल आउट। टीम के लिए समीर चौधरी 17 रन, राजसमंद के गेंदबाज दिलेक भटनागर 16/4, भरत साल्वी 10/3 व भीष्म 1 /2 विकेट।

**अरावली ग्राउंड टोंक - जालोर (टोंक 139 रन से जीती)** - टोंक पारी 255 आल आउट, टीम के लिए सईद अजीन 46, अभिनव शर्मा 34, आर्यन 32 व यश शर्मा 22 रन, जालोर के गेंदबाज सुमित 31/3, अक्षय 40/2 विकेट। जालोर पारी 116 आल आउट, टीम के लिए भूरा राम 39, अक्षय वैषणव 22 रन, टोंक के गेंदबाज आरव चोपड़ा 28/4, आर्यन सिंह 0/3 विकेट।

## राज्य सब जूनियर हैंडबॉल में जयपुर की लड़कियां चैम्पियन

जयपुर, 8 अक्टूबर। जयपुर की लड़कियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को हनुमानगढ़ में संपन्न हुई 30वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में मेजबान हनुमानगढ़ को 26-21 से हराकर ख़िताब जीता। मध्यांतर तक विजेता टीम 11-08 से बढ़त बनाये हुए थी। वही जयपुर के बालको ने तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में सीकर को 17-13 (8-9) से हराया।

बालक वर्ग के फाइनल में बीकानेर ने गंगानगर को 25-22 (14-12 ) से हराया। बालिका वर्ग में तीसरे टोंक रही। जिसने भीलवाड़ा को 7-0 (01-00) से हराया। जयपुर की कप्तान एकता कंवर बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बीकानेर का गोविंद रहा। दोनों खिलाड़ियों को स्वर्गीय अमृत कुमार नाटा एवं स्वर्गीय इरफ़ान अली गौड़ की स्मृति में राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा 2100-2100 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



जयपुर जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष डा. मनीष अग्रवाल, मानद सचिव अरुण प्रताप सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी ने बालिका एवं बालक टीम की उपलब्धि की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाइयाँ दी है।

जयपुर की टीमे:- बालक वर्ग:- नाहर सिंह (कप्तान), यश यादव, रोशन यादव, हनुमान मीना,यश कुमार मीना, रुद्राक्ष प्रताप सिंह, राहुल कुमार, ब्रज मोहन, दिव्य शर्मा, रवि चौधरी, सुरेश कुमार व तनीश सैनी।

बालिका वर्ग:- एकता कंवर (कप्तान), काजल गुर्जर, वर्षा जाखड़, विशाखा जाट, अन्नू कंवर, अस्मिता गुर्जर, भव्या राजावत, अक्षरा चौहान, भावना, अनंता सिंह, जीविका दास व ऋग्वेदिका प्रधान।

## जोकोविच शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

शंघाई, 8 अक्टूबर। नोवाक जोकोविच ने अपने बाएँ टखने के दर्द, शंघाई की उमस और जौम मुनार की चुनौती को पार करते हुए 11वीं बार शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो घंटे 40 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान सर्बियाई खिलाड़ी को पैर की समस्या के कारण कई बार मेडिकल टाइमआउट मिले और मंगलवार को 82 प्रतिशत से ज़्यादा उमस के साथ, उन्होंने मैच बदलने के दौरान बार-बार अपने सिर पर बर्फ़ का तौलिया रखा।